आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शुक्रवार 08.08.2025

मुख्य समाचारः–

1– केन्द्र सरकार ने बारह हजार करोड़ रूपये से अधिक की अनुमानित लागत से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं के लिए सब्सिडी जारी रखने को स्वीकृति दी।

2– नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीण संपर्क सुदृढ़ करने के लिए सड़क संपर्क परियोजना के तहत केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक सौ पंचानवे करोड़ रूपए की स्वीकृति दी।

3– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा नशीले पदार्थ की बार–बार तस्करी में शामिल पाए जाने पर संपत्ति जब्त करने की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

4– भाई–बहन के पवित्र स्नेह और प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन कल मनाया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल–निर्णय

केन्द्र सरकार ने बारह हजार करोड़ रूपये से अधिक की अनुमानित लागत से इस वर्ष के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं के लिए सब्सिडी जारी रखने को स्वीकृति दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में आज यह फैसला किया गया। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल के फैसले के बारे में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना से दस करोड़ तैंतीस लाख से अधिक परिवारों को लाभ हुआ है।

श्री वैष्णव ने बताया कि केन्द्र सरकार ने चार हजार दो सौ करोड़ रूपये के बजट के साथ तकनीकी शिक्षा योजना में बहुविषयी शिक्षा और अनुसंधान सुधार के लिए सहायता को भी स्वीकृति प्रदान की है।

केन्द्र–नक्सल राशि स्वीकृति

केंद्र सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीण संपर्क सुदृढ़ करने के लिए सड़क संपर्क परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ को एक सौ पंचानवे करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। यह निधि विशेष रूप से नक्सल प्रभावित जिलों–दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर, बस्तर, राजनांदगांव, बलरामपुर, कोंडागांव और जशपुर के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में नई सड़कों के निर्माण और मौजूदा मार्गों के सुदृढ़ीकरण तथा पुल–पुलिया निर्माण के लिए दी गई है। इन संरचनाओं के माध्यम से बस्तियों को ब्लॉक और जिला मुख्यालयों, बाजारों, विद्यालयों तथा स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़ा जाएगा।

वहीं, केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत छत्तीसगढ़ को तीन सौ पहचत्तर करोड़ रूपए से अधिक लागत के सौ पुलों की स्वीकृति भी दी है। इसके साथ ही अब तक राज्य को कुल सात सौ पन्द्रह सड़कें और सौ पुल प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री–एमओयू

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में आज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य सरकार, भारतीय प्रबंधन संस्थान–आईआईएम रायपुर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर और मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के बीच त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत स्थापित होने वाले उद्यमिता केंद्र का निर्माण इस वर्ष से प्रारंभ होगा तथा इसे वर्ष दो हजार सत्ताईस–अट्ठाईस तक पूर्ण रूप से क्रियाशील करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन ने आईआईएम रायपुर और एनआईटी रायपुर को कुल एक सौ बहत्तर करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा की है। इसमें से एक सौ एक करोड़ रुपये आईआईएम रायपुर को तथा इकहत्तर करोड़ रुपये एनआईटी रायपुर को प्रदान किए जाएंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस त्रिपक्षीय समझौते के तहत ''नवाचार और उद्यमिता उत्कृष्टता केंद्र" की स्थापना की जाएगी, जो युवाओं को शोध, प्रयोग और उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेगा।

उपमुख्यमंत्री–समीक्षा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि यदि कोई व्यक्ति दो से अधिक बार शराब या अन्य नशे की तस्करी में संलिप्त पाया जाता है, तो उसकी संपत्ति जब्त करने की कानूनी कार्यवाही की जाएगी। कल जगदलपुर में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने नशा उन्मूलन के लिए पुलिस विभाग, जनप्रतिनिधियों और दवा व्यापारियों को आपस समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा।

प्रसार भारती–वेब्स ओटीटी मैगजीन स्टोर

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने आज कहा कि दर्शकों और श्रोताओं के लिए प्रवेश की बाधाओं को न्यूनतम करने और सूचना, शिक्षा तथा मनोरंजन तक हर संभव व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आज नई दिल्ली में वेब्स ओटीटी प्लेटफार्म पर मैगजीन स्टोर का शुभारंभ किया। श्री द्विवेदी ने कहा कि इस सेवा का उपयोग करने के लिए प्रतिमाह निन्यानवे रूपये या प्रतिवर्ष नौ सौ निन्यानवे रूपये देने होंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता शुल्क से आठ भाषाओं में पचास से अधिक टाइटल देखे जा सकेंगे।

हर घर तिरंगा

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में दो से पंद्रह अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बालोद जिले के ग्राम बघमरा में चार स्व–सहायता समूहों की बीस महिलाएं दिन–रात तिरंगा झंडा बनाने में जुटी हैं और अब तक छह हजार से अधिक तिरंगे तैयार कर चुकी हैं। इन झंडों को बेचकर समूहों की महिलाओं ने अब तक करीब दो लाख रुपये की आमदनी कर ली है। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कहा कि इस अभियान ने उन्हें नई पहचान दी है और इससे हुई आमदनी से वे बच्चों की पढ़ाई और घर की जरूरतें भी पूरी कर रही हैं।

वहीं, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि जिले के तेरह स्व सहायता समूहों ने अब तक आठ हजार से अधिक तिरंगे बनाकर बेचे हैं और पांच हजार झंडों का अतिरिक्त ऑर्डर अभी प्राप्त हुआ है।

बातों–बातों में

प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार देशभर में चलाए जा रहे ''हर घर तिरंगा'' अभियान पर केन्द्रित रहेगा। इस बार के अंक में संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य से ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल नौ अगस्त को एफ.एम. चैनल पर सुबह नौ बजे से और प्राईमरी चैनल पर सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

हाईकोर्ट–सुनवाई

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राज्य स्तरीय टूर्नामेंट से सीबीएसई स्कूलों के विद्यार्थियों को वंचित किए जाने के माामले को स्वतः संज्ञान लिया है। उच्च न्यायालय ने इस मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग ने हाल ही में फैसला लिया था कि सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के छात्र ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इसके चलते करीब छह सौ स्कूलों के चार लाख से ज्यादा बच्चे खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से वंचित रह गए।

उच्च न्यायालय ने राज्य शासन के निर्णय को गंभीर मानते हुए स्कूल शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने को कहा है।

वहीं, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने सड़कों पर रील बनाने और स्टंट करने के मामले में मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के साथ पूरी जानकारी पेश करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने राज्य शासन से पूछा कि अब तक रील बनाने वाले दोषियों पर क्या कार्रवाई की गई है और भविष्य में इस पर रोक लगाने के लिए क्या योजना बनाई गई है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि, सड़कों पर रील बनाना और यातायात बाधित करना जैसे उपद्रव लोगों की जान को खतरे में डालते हैं।

माओवादी–गिरफ्तार

मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले में सुरक्षा बलों ने एक माओवादी को गिरफ्तार किया है। इस पर आठ लाख रूपए का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि जिला पुलिस बल और आईटीबीपी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद एक माओवादी को हथियार समेत गिरफ्तार किया। यह माओवादी डिविजनल कमेटी का सदस्य है और इसका नाम श्रीकांत पुनेम है। उन्होंने बताया कि इसके पास से बंदूक, मोबाइल, जिंदा कारतूस और अन्य सामग्री भी बरामद की गई है।

उपमुख्यमंत्री–जवान मुलाकात

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज बीजापुर जिले के डिमरापाल मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचकर आईईडी विस्फोट में घायल ग्रामीण तथा भालू के हमले में घायल जवान से भेंटकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और चिकित्सकों को जवानों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि बीते पांच अगस्त को बीजापुर जिले के इलमिड़ी निवासी ग्रामीण प्रमोद ककेम माओवादियों द्वारा लगाए गए आईडी की चपेट में आने के कारण घायल हो गया था। वहीं, बीते उनतीस जुलाई को बीजापुर जिले के बासागुड़ा इलाके में गश्त के दौरान भालू के हमले में एक जवान बामन पोड़ियाम घायल हो गया था, जिसे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

रक्षाबंधन

भाई–बहन के पवित्र स्नेह और प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन कल मनाया जाएगा। रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों के बाजारों में काफी रौनक देखी जा रही है। इस बार भी स्व–सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाई गई तरह–तरह की राखियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। इन राखियों की बिक्री से स्व–सहायता समूहों को अच्छी आमदनी हो रही है।

बालोद जिले में बिहान महिला स्व–सहायता समूह की महिलाओं ने धान, सब्जी, बीज और बांस से आकर्षक राखियां तैयार की हैं। इन राखियों को बालोद बंधन ब्रांड के नाम से बेचा जा रहा है।

वहीं, रक्षाबंधन के अवसर पर दुर्ग जिले में स्थित सीमा सुरक्षा बल के रिसाली स्थित सामरिक मुख्यालय में विभिन्न महिला संगठनों की महिलाओं ने आज बीएसएफ के जवानों को राखी बांधी।

इस बीच, राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

संक्षिप्त समाचार

– कल विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में अनेक आयोजन होंगे।

– मुंगेली जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता–सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए इक्कीस अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के चिलहन गांव में दो जंगली हाथियों ने उत्पात मचाया। इस दौरान ये हाथी ने ग्रामीणों के घरों की दीवारों को तोड़ कर अंदर रखा अनाज खा गए। साथ ही इन्होंने मक्के की फसल को नुकसान पहुंचाया।